# 65 लाख से बना भवन एक माह में जर्जर

**लसूड़िया खास के नवीन भवन की उखड़ने लगीं टाइल्स**

**अधूरे कार्यों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने लिया हैंडओवर**



नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 जुलाई. स्वास्थ्य विभाग में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. श्यामपुर ब्लॉक के लसूड़िया खास स्थित 65 लाख रुपये की लागत से बने उपस्वास्थ्य केंद्र का नवीन भवन हैंडओवर के एक माह के भीतर ही बदहाल नजर आने लगा है. भवन की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं, सीलन आने लगी है और सीढ़ियों की टाइल्स उखड़ रही हैं. कई कार्य अधूरे होने के बावजूद भवन का हैंडओवर किए जाने से विभाग की तकनीकी शाखा और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है.**

श्यामपुर विकासखंड के लसूड़िया खास में भोपाल की एमके कंस्ट्रक्शन फर्म द्वारा लगभग 65 लाख रुपये की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र का नवीन भवन बनाया गया है. निर्माण पूरा होने के बाद भवन स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया, लेकिन हैंडओवर के कुछ ही समय बाद भवन की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी. भवन की दीवारों में जगह-जगह दरारें दिखाई दे रही हैं, सीलन के कारण प्लास्टर प्रभावित हो रहा है और सीढ़ियों पर लगी टाइल्स उखड़ने लगी हैं. भवन परिसर में अभी तक पेवर ब्लॉक नहीं लगाए गए हैं.

विद्युत फिटिंग का कार्य भी बेहद निम्न स्तर का बताया जा रहा है. कई स्थानों पर बिजली के तार खुले और झूलते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है.

### लापरवाही या संबंधितों की सांठगांठ

स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन में कई स्पष्ट कमियां होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने बिना आपत्ति के हैंडओवर ले लिया. नियमों के अनुसार तकनीकी शाखा के इंजीनियर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं, जिसके बाद ही भवन विभाग को सौंपा जाता है. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी की गई या फिर ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण को मंजूरी दे दी गई.

## रंगदारी नहीं देने पर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़

**आष्टा.** पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक से 25 हजार रुपए की रंगदारी मांगकर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले आरोपी श्याम पटेल को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त थार वाहन तथा चाकू भी बरामद किया है. मुख्य आरोपी श्याम पटेल नामी गुंडा है, जिसके विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित 16 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस के अनुसार ग्राम कोठरी निवासी मुकेश वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गवाखेड़ा जोड़ के सामने स्थित रेस्टोरेंट का संचालन करता है. अमलाहा निवासी श्याम पटेल साथियों के साथ अक्सर रेस्टोरेंट पर आकर बिना पैसे दिए खाना खाकर चले जाते थे. 16 जुलाई की शाम श्याम पटेल पांच साथियों के साथ रेस्टोरेंट पर पहुंचा और 25 हजार रुपए की मांगे. विरोध करने पर आरोपियों ने मुकेश वर्मा और पुत्र विनय के साथ मारपीट कर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की थी.

**छपते-छपते**

# देहरादून में राहुल गांधी ने छात्रों से किया संवाद



**देहरादून, 17 जुलाई।** लगभग साढ़े चार साल बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को देहरादून पहुंचे। बन्नू कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों और युवाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक को युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए केंद्र सरकार और परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है और इससे लाखों युवाओं का भरोसा टूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक में पूरा सिस्टम शामिल है और इसकी जवाबदेही ऊपर से नीचे तक तय होनी चाहिए। उन्होंने कोचिंग माफिया, परीक्षा एजेंसियों और व्यवस्था की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई परिवार बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज तक लेते हैं, लेकिन पेपर लीक उनकी वर्षों की मेहनत पर पानी फेर देता है। राहुल गांधी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पेपर लीक से प्रभावित छात्रों को उचित मुआवजा देने की मांग की। एक छात्रा के परिवार की आपबीती का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कई छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक होने से उनकी महीनों की मेहनत बेकार हो गई, जबकि कुछ ने भर्ती परीक्षाएं दोबारा देने की मजबूरी बताई।

## मैक्सिको में 7 .4 तीव्रता का भूकंप सुनामी का अलर्ट जारी

**मैक्सिको, 17 जुलाई।** मेक्सिको में शुक्रवार को 7 .4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने सुनामी का अलर्ट जारी किया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र प्यूर्टो मादेरो शहर के पास करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। मुख्य भूकंप के बाद कई आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए, जिनमें सबसे शक्तिशाली झटका 6 .1 तीव्रता का दर्ज किया गया। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि आने वाले समय में और भी झटके महसूस हो सकते हैं। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार चियापास और टबास्को राज्यों में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वहीं, ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो अरेवालो ने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने लोगों से शांत रहने और प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## ठेकेदार ने की आत्महत्या, पूर्व विधायक, उनकी पत्नी समेत 14 पर केस दर्ज

**पुणे, 17 जुलाई।** महाराष्ट्र के पुणे में एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में पूर्व विधायक, उनकी पत्नी समेत 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक ने आत्महत्या से पहले कई वीडियो रिकॉर्ड किए और एक पत्र छोड़ा, जिसमें पूर्व विधायक सहित कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार ने अपने वीडियो और पत्र में दावा किया कि कारोबारी साझेदारों द्वारा कथित धोखाधड़ी के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों से उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं, जिससे वह मानसिक तनाव में थे। पुलिस ने स्वारगेट थाने में पूर्व विधायक धंगेकर, उनकी पत्नी समेत 14 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी और अन्य संबंधित आरोपों में मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। .

# होटल की लिफ्ट में फंसे शशि थरूर रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित निकाला

**तिरुवनंतपुरम, 17 जुलाई.** कांग्रेस सांसद शशि थरूर शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम के एक निजी होटल में लिफ्ट में फंस गए। वह रोटरी क्लब के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए होटल पहुंचे थे। इसी दौरान तकनीकी खराबी के कारण होटल की लिफ्ट अचानक बीच में ही जाम हो गई, जिससे थरूर समेत उसमें मौजूद लोग अंदर फंस गए।

लिफ्ट में फंसे लोगों ने बाहर निकलने की कई बार कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुल सका। घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत फायर एंड रेस्क्यू सर्विस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लेने के बाद रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने हाइड्रोलिक स्प्रेडर और कटर की मदद से लिफ्ट का दरवाजा सावधानीपूर्वक खोला। इसके बाद शशि थरूर और अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पूरे अभियान के दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। लिफ्ट से बाहर आने के बाद शशि थरूर ने कहा कि लिफ्ट पूरी तरह फंस गई थी और बाहर निकलने के सभी प्रयास विफल रहे। उन्होंने कहा कि राहत दल ने समय पर पहुंचकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

उन्होंने लोगों से अपील की कि इस घटना को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद शशि थरूर ने फायर एंड रेस्क्यू सर्विस के जवानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने राहत अभियान में शामिल टीम के त्वरित और पेशेवर प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। घटना के बाद होटल प्रबंधन ने भी लिफ्ट में आई तकनीकी खराबी की जांच शुरू कर दी है।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत चित्रकला

## छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई




**बैतूल। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं प्रेरणादायी चित्रों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त समाज की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मुख्य संदेश था। नशा जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि शिक्षा और संस्कार उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ. चौबे ने कहा कि युवा शक्ति यदि नशे से दूर रहेगी, तभी स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.डॉ.शंकर सातनकर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है।

# एसपी के बंगले के सामने दो स्कूली छात्रों की बाइक भिड़ी

नवभारत न्ूज

**विदिशा 17 जुलाई. शिक्षा के नये सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूली बच्चों ने आमद दे दी है. जहां छोटे बच्चे अपने अभिभावक या फिर स्कूल वाहन से आना जाना कर रहे हैं वहीं किशोर और युवा बाइक या मौपेड से स्कूल को आ जा रहे हैं.**

महज 17 साल की उम्र में वे 70 किलो प्रतिघंटा की रफ्तार से वाहन चलाते नजर आ जायेंगे. इनके वाहनों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि इनके आस पास से निकलने वाले लोग सहम जाते हैं. हालांकि पुलिस समय समय पर चालानी कार्यवाही करती है और अभिभावकों को भी समझाइश देती है फिर भी नतीजे सामने नहीं आ रहे हैं. हाल ही में कुछ सड़क हादसे सामने आये हैं जिसमें वाहन चलाते हुये स्कूली बच्चे हादसों के शिकार हुये हैं.

शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील सिविल लाइंस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का संचालन लोगों की चिंता का कारण बनता जा रहा है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहरी क्षेत्र होने के बावजूद निर्धारित गति सीमा का प्रभावी पालन नहीं कराया जा रहा है, जिससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. इस मार्ग पर जिला एवं सत्र न्यायालय, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के शासकीय आवास, सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान (सैटी), साकेत शिशु रंजन विद्यालय, ऑडिटोरियम, सर्किट हाउस सहित कई विभागीय कार्यालय स्थित हैं.

## धूमधाम से निकाली भगवान की रथयात्रा

**शाहगंज.** पुरानी बस्ती स्थित जगदीश स्वामी मंदिर से भगवान की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई. बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए. भगवान जगदीश स्वामी के साथ बहन सुभद्रा और बलदाऊ को आकर्षक रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया. भगवान जगदीश स्वामी की शोभायात्रा पुरानी जगदीश मंदिर से प्रारंभ हुई.

# रेलवे स्टेशन पर नहीं हो रहा नियमों का पालन




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 17 जुलाई, करोड़ों रुपये की लागत से आधुनिक स्वरूप दिए जा रहे गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के बीच अव्यवस्थाएं यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं . स्टेशन परिसर में रेलवे के नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है . जहां स्पष्ट रूप से %नो पार्किंग% लिखा गया है . वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं . लेकिन रेलवे पुलिस और संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है .**

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर चढ़ने-उतरने के लिए बनाए गए जीने के सामने लोहे के सरिए बांध दिए गए हैं . जिससे विशेषकर बुजुर्गों . महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है . स्टेशन का ओवरब्रिज भी अभी तक अधूरा है . जिसके कारण यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है .स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर जगह-जगह निर्माण सामग्री . टूटा-फूटा मटेरियल . गिट्टी और धूल-मिट्टी फैली हुई है . कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं . जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं .

# नियमों के उल्लंघन पर कोचिंग संचालकों को चेतावनी



नवभारत न्यूज

**गुना। कोचिंग सेंटरों में होने वाले हादसों के बाद भी स्थानीय संचालक छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा की गई एक औचक जांच में शहर के प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ती मिलीं। प्रशासन ने फिलहाल तीन संस्थानों को चेतावनी दी है।**

नायब तहसीलदार आरती गौतम और बीआरसी अशोक जोशी की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों पर औचक दबिश देकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां सुरक्षा को लेकर भारी कमियां उजागर हुईं। जांच दल ने जब सेंटरों का बारीकी से निरीक्षण किया, तो पाया कि अधिकतर जगहों पर फायर सेफ्टी और आपातकालीन निकासी के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। संकरी सीढ़ियों और बंद रास्तों के बीच सैकड़ों बच्चे पढ़ते मिले, जो किसी भी अनहोनी की स्थिति में बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों ने संचालकों की इस घोर लापरवाही पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने शहर में संचालित ओमेगा कोचिंग सेंटर, कृष्णम कोचिंग सेंटर और साइंस गुरु कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया और खामियां मिलने पर फिलहाल चेतावनी है।

## मुनि दीक्षा दिवस मनेगा

**सागर.** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 58 वां मुनि दीक्षा समारोह भाग्योदय तीर्थ में मुनि संघ के सानिध्य में 18 जुलाई को सुबह 8:30 बजे से मनाया जाएगा. इस अवसर पर आचार्य श्री की पूजन होगी. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि निर्यापक अभय सागर महाराज के संघस्थ मुनिश्री उम सागर, मुनिश्री गरिष्ठ सागर, मुनिश्री हीरक सागर महाराज विराजमान है. उनके ससंघ सानिध्य में मुनि दीक्षा दिवस समारोह मनाया जाएगा. इस अवसर पर आचार्य श्री के जीवन काल, कृतित्व और व्यक्तित्व पर संस्मरण मुनि संघ के द्वारा प्रवचनों के माध्यम से होंगे सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की भाग्योदय तीर्थ परिवार ने अपील की है.

**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली ( म .प्र . )**

क्रमांक/3111/ ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 17/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि | कार्य लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 UAD _522248_1 | 17-07-2026 | Supply of Reflective Jacket LED Torch Umbrella | 1 Months | 4,07,270 | 2,000 | 8,145 | 30-07-2026 |
| 2 | 2026_UAD _522036_1 | 17-07-2026 | Providing and Placing Precast Drain Cover at Ward NO.44 | 2 Months | 20,88,610 | 2,000 | 41,772 | 17-08-2026 |
| 3 | 2026_UAD _522026_1 | 16-07-2026 | Construction and Repair of PCC Drain at Various Places of Ward No 41 | 2 Months | 40,72,656 | 5,000 | 50,000 | 17-08-2026 |
| 4 | 2026 UAD _522004_1 | 16-07-2026 | Beautification of Park and Plantation work at ward no.32 | 2 Months | 17,51,508 | 2,000 | 35,030 | 17-08-2026 |
| 5 | 2026_UAD _521981_1 | 16-07-2026 | Construction of retaining wall and Samshan Shed at Ward No 30 | 2 Months | 26,39,079 | 2,000 | 52,782 | 17-08-2026 |
| 6 | 2026_UAD _521971_1 | 16-07-2026 | Interlocking various places in ward 37 | 2 Months | 4,77,061 | 2,000 | 9,541 | 30-07-2026 |
| 7 | 2026_UAD _521965_1 | 16-07-2026 | Interlocking work at ward 14 at various places | 2 Months | 17,29,400 | 2,000 | 34,588 | 17-08-2026 |
| 8 | 2026 UAD _521958_1 | 16-07-2026 | Construction Of Precast at Ward No 33 | 2 Months | 11,39,710 | 2,000 | 22,794 | 17-08-2026 |
| 9 | 2026 UAD _521863_1 | 16-07-2026 | Estimate for DTH Bore and HP Installation at ward 17 at various | 2 Months | 10,22,260 | 2,000 | 20,445 | 17-08-2026 |
| 10 | 2026_UAD _521860_1 | 16-07-2026 | Construction of PCC Drain Constructon Maintenance of Bhusa Shed Pashu Chikitshalay Waidhan | 2 Months | 6,24,856 | 2,000 | 12,497 | 30-07-2026 |
| 11 | 2026 UAD _521692_1 | 16-07-2026 | Construction of shed in ward no 25 | 2 Months | 7,71,930 | 2,000 | 15,439 | 30-07-2026 |
| 12 | 2026 UAD _521658_1 | 16-07-2026 | Construction of PCC Road From Shahpur Road to Prahlad Vishwakarma House at Ward No 38. | 2 Months | 19,39,370 | 2,000 | 38,787 | 17-08-2026 |
| 13 | 2026_UAD _521620_1 | 16-07-2026 | Supply of Rainwear | 1 Months | 9,93,915 | 2,000 | 19,878 | 30-07-2026 |
| 14 | 2026 UAD _521596_1 | 16-07-2026 | Construction of RCC Drain with precast at various places Ward No 37 | 4 Months | 82,61,030 | 10,000 | 82,610 | 17-08-2026 |
| 15 | 2026 UAD _521579_1 | 16-07-2026 | Construction of chabutara at ward 14 near mahua market jayant | 2 Months | 7,329,971 | 2,000 | 14,656 | 17-08-2026 |
| 16 | 2026_UAD _521555_1 | 16-07-2026 | Interlocking Paver Block at Ward No 19 | 2 Months | 17,61,587 | 2,000 | 35,232 | 17-08-2026 |
| 17 | 2026_UAD _521533_1 | 16-07-2026 | Construction of Pcc Road From Raghuvansh Dubey House to Anil Shah Ji HouseChaura Tola Ward No 41 | 2 Months | 42,56,221 | 5,000 | 42,562 | 17-08-2026 |
| 18 | 2026_UAD _521514_1 | 16-07-2026 | Construction Of Divider at Ward No 33 Banauli Harrai Road. | 2 Months | 21,14,949 | 5,000 | 42,299 | 17-08-2026 |
| 19 | 2026_UAD _521491_1 | 16-07-2026 | Construction of PCC road at pachkhora ward no 30 | 2 Months | 48,74,640 | 5,000 | 50,000 | 17-08-2026 |
| 20 | 2026 UAD _521114_1 | 13-07-2026 | Supply of Bhoosa at Deora and Kushwai Goushala, IIIrd call | 12 Months | 9,96,800 | 2,000 | 19,936 | 27-07-2026 |

**नोट:**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम सिंगरौली**

**विधेयक** मानसून सत्र में आएगा बिल

# एक शादी करने वाले को ही रहने का अधिकार



**कटनी, 17 जुलाई। कटनी के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में उसे ही रहने का कानूनन अधिकार होगा, जो केवल एक शादी करेगा उन्होंने ये भी कहा कि हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानून नहीं होने चाहिए, बल्कि सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए।**

मुख्यमंत्री ने कहा, 'अगर राम एक शादी करेगा तो रहीम दो या चार शादियां क्यों करेगा? मुस्लिम बहनें भी हमारी बहनें हैं और उनके अधिकारों की रक्षा जरूरी है।' उन्होंने कहा कि तीन तलाक का दौर समाप्त हो चुका है और यदि कोई 'तलाक, तलाक, तलाक' कहेगा तो उसे कानून के तहत जेल जाना पड़ेगा। मोहन यादव ने बताया कि भोपाल के जगदीशपुर में होने वाली अगली कैबिनेट बैठक में यूसीसी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सरकार इसे विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में पेश करेगी। कटनी जिले के स्लीमनाबाद में देश की सबसे बड़ी वाटर टनल का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री ने रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'एक प्रदेश, एक विधान होना चाहिए। हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानून क्यों हों? सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून होना चाहिए। इसके बाद इसे 20 जुलाई से शुरू होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा।

### क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड?

यूनिफॉर्म सिविल कोड का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और संपत्ति जैसे नागरिक मामलों में सभी धर्मों के लिए समान कानून लागू करना है, ताकि व्यक्तिगत कानूनों के भोपाल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने समान नागरिक संहिता को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 'एक से अधिक शादी करने वालों का कोई स्थान नहीं होगा।' मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है .